# संभागीय रोजगार मेला : महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को 2 से 5 लाख के पैकेज



राजकीय महाविद्यालय कोटा में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया।

■ विभिन्न कम्पनियों द्वारा 136 विद्यार्थी शॉर्ट लिस्ट किये

**कोटा, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय कोटा में मंगलवार को संभाग स्तरीय जॉब फेयर-2025 'रोजगार मेले' का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि ए.डी.एम. सिटी कोटा, अनिल कुमार सिंघल, विशिष्ट अतिथि मनोज पाठक, जिला रोजगार अधिकारी, नीना भट्नागर, निदेशक, सीनर्जी पब्लिक स्कूल, रावतभाटा रहे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। जॉब फेयर-2025 की संयोजक प्रो.सुमन शर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र में ए.डी.एम. सिटी कोटा, अनिल कुमार सिंघल ने फीता काट कर रोजगार मेले का शुभांरभ किया। अतिथियों का स्वागत एवं प्रतीक चिन्ह प्रो.अरूण कुमार, प्रो. वी.के. पंचोली, प्रो. आर.पी.सोमानी, प्रो. मोनिका दक्षिणी, प्रो.अंजू कपूर, प्रो. नवीन मित्तल ने किया। मुख्य अतिथि ए.डी.एम. सिटी अनिल कुमार सिंघल ने कहा कि महत्व इस बात का नहीं कि हम बड़े-बड़े काम करें, महत्व इस बात का है कि जो काम और लक्ष्य हमें मिला है उसे हम कितनी शिद्दत से करते हैं, कितनी कामयाबी से करते हैं। जो युवा इस जॉब फेयर में आये हैं वह रोजगार के साथ साथ रोजगार प्रदाता कम्पनी प्रतिनिधियों से भी सीख कर जाये। उन्होंने कहा कि आप भविष्य में रोजगार दाता बनें, ऐसी प्रेरणा लेकर जायें। इस अवसर पर उन्होंने निजी क्षेत्र में रोजगार देने वाले सफल व्यक्तियों के उदाहरण भी युवाओं को दिये। युवा खुद के रोजगार के साथ दूसरों को रोजगार देने की चिंता भी करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने महाविद्यालय को यह महत्वपूर्ण अवसर दिया है। इस आयोजन से संभाग भर के युवाओं को रोजगार के लिए एक सुनहरा अवसर मिला है। एक ही प्लेटफार्म पर 19 कम्पनियों के रोजगार प्रदाता उपस्थित हैं। विशिष्ट अतिथि जिला रोजगार अधिकारी मनोज पाठक ने कहा कि इस रोजगार मेले में कोटा संभाग के महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस मेले से विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र के रोजगार प्रदाताओं से सम्पर्क का अवसर मिलेगा। यह मेला युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है कि एक ही छत के नीचे इतनी कम्पनियां रोजगार देने हेतु उपलब्ध है।

प्रो.उत्तरा चन्द्रावत ने अतिथियों एवं उपस्थित कम्पनी प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कोटा जिले के दो एवं बूंदी, बांरा, झालावाड़ के एक पंजीकरण काउण्टर्स पर 180 छात्रों ने पंजीकरण कराया। प्रत्येक विद्यार्थियों को दो इच्छित कम्पनी काउण्टर्स पर साक्षात्कार हेतु भेजा गया। मेला सुबह 9:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे तक चला। मेले में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फूड काउण्टर्स एवं चाय-कॉफी की स्टॉल लगाई गई। कम्पनी प्रतिनिधि श्री दीपक मेहता, विनोद नरूका-शुभ प्लेसमेंट, सुनिल कुमार, आशुतोष शुक्ला-एनआईआईटी, मिताली राठौर- गैलेक्सी कीया, सोनू सिंह-ए.वी. फाउण्डेशन, नम्रता शुक्ला-एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि इस जॉब फेयर-2025 का हमारा अनुभव अच्छा रहा। विद्यार्थियों का उत्साह एवं उनका प्राइवेट सेक्टर के प्रति रूझान एक शुभ संकेत है। सभी कम्पनीयों ने चयनित विद्यार्थियों को जल्द ही ओफर लेटर जारी करने को कहा। पंजीकरण काउण्टर्स के सदस्यो प्रो.रेणुका जैन, प्रो. मीनाक्षी मयगंर, प्रो.योगेश कुमार टेलर, प्रो.मंजु शर्मा, प्रो.दीपमाला मीणा, प्रो.रामबिलास मीणा, प्रो.भरत सिंह मीणा, डॉ.सुनीता भार्गव, डॉ.रीना कुमारी ने विद्यार्थियों के दस्तावेज देखकर इच्छुक काउण्टर्स अलोट किये एवं व्यवस्था का सफल संचालन किया। प्रो.मंजु बाला यादव एवं उनकी टीम ने सम्पूर्ण परिसर में अनुशासन एवं विद्यार्थियों को विभिन्न सूचनाओं से अवगत करवा कर सहयोग दिया। जॉब फेयर-2025 का संचालन प्रो. एच.एस.गोस्वामी, प्रो.बी.बी. जैमिनि, प्रो. अंजु अग्रवाल, प्रो.सुषमा जागिंड, प्रो.सीमा अग्रवाल, प्रो.सविता गुप्ता, प्रो.सियाराम मीणा, प्रो.हरीश गौतम, डॉ.जितेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो.एस.एम. नफीस एवं डॉ.नितिन गुप्ता ने किया। जॉब फेयर में भाग लेने वाली कम्पनियां-ए.यू. फाउण्डेशन, भारत फाइनेन्सियल, इन्क्लूजन, चेतन्य इंडिया फिन क्रेडिट, ऐवर ग्रीन मोटर्स, एच.डी.बी. फाइनेन्स सर्विसेस, किसान वृद्धि बायो प्लान्टीक, आरसीएस इंडिया कनसेप्ट, मांइड एसेसरीज प्रा.लि., मोशन एजूकेशन, एन आईआईटी गुड़गांव, एस.बी.आई.लाईफ इंश्योरेंस, यशस्वी एकेडमी ग्रुप, श्रीवन रिसोर्ट, शुभ प्लेसमेंट, शुशांत एसोसिएट, स्वतन्त्रमाइक्रोफिन एवं जैट कम्पनी के प्रतिनिधियों ने विभिन्न पदो हेतु साक्षात्कार लिए एवं 136 विद्यार्थी शॉर्ट लिस्ट हुये।

# एम.आई.एम.टी. में कल्चर एक्टीविटी और टेलेंट हंट का आयोजन किया



कोटा एमआईएमटी कॉलेज में टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**कोटा, (निसं)।** दादाबाड़ी स्थित मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में माय एफएम के "फ्रेश फेस टैलेंट हंट" प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन माय एफएम और होंडा बिगविंग के संयुक्त तत्ववधान में किया गया। मोदी एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष सुशील मोदी, मोदी एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक राघव मोदी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में आर जे विराज और आरजे तनिशा ने एंकरिंग ने विद्याथियों की मनमोहक प्रस्तुति से आनंदित किया एवं कार्यक्रम में होन्डा की टेस्ट डाईव विद्याथियों कराई गई। विद्यार्थीयो ने प्रस्तुतियों मे गाना गाकर सुनाया जिसमे मंयक ने पल पल दिल के पास तुम रहतीं हो, गीत सुनाया। विद्यार्थी फरहान, शिवम सोनी, प्राजंल एंड ग्रुप ने सोंग से अपनी प्रस्तुति दी इसी क्रम मे विद्यार्थी गोरी नाजरे और शेर सिंह ने पंजाबी भांगड़ा किया। विद्यार्थी भूमिका ने तुझे खुश में रखु सोनिया गीत सुनाया। विद्यार्थी जय खंडेलवाल ने अपने रूठे पराये रूठे, रब ना रूठे गीत सुनाया। विद्यार्थी सुहानी विजय, शाकिर हुसैन ने यूं तो ये दिल फिसलता नहीं गीत सुनाया। विद्यार्थी पुष्पांजलि ने गीत सुनाया। कार्यक्रम में गेम भी खिलाया जिसमें श्रैया विजय और प्राची सोनी विजेता रहीं। विद्यार्थी तनिष्क ने गीत सुनाया। विद्यार्थी श्रीनाथ ने भी गीत सुनाया। विद्यार्थी प्रदीप ने मेरी अधूरी प्यास प्यास गीत सुनाया। विद्यार्थी शिवम ने वो मुझको मिली मैं उसको मिली, फर्क इतना था, वो मिट्टी के ऊपर रोती रही, मैं मिट्टी के नीचे रोता रहा कविता सुनाई। संस्थान के निदेशक डॉ.एन.के. जोशी ने आभार जताया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

# अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** शहर के दो अलग-अलग थाना इलाकों मे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो जिंदा कारतूस एवं अवैध हथियार चाकू सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरिक्षक बृजलाल मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि वर्कशॉप कॉलोनी उड़िया बस्ती पानी की टंकी के पास कोई व्यक्ति खड़ा है, जो वारदात करने की फिराक में है, सूचना पर सहायक उपनिरिक्षक जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो अवैध जिंदा कारतूस जप्त किये। पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए जिला बूंदी के केशोरायपाटन निवासी शिब्बू अंसारी (25) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी ने बताया कि थाने के हैड कांस्टेबल रामस्वरूप इलाके में जाप्ता सहित गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान मुखबीर से सुचना मिली की लोको कॉलोनी में सिलाई केन्द्र के पास कोई व्यक्ति चाकू लेकर खड़ा है। जो वारदात करने की फिराक में है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तेज धारदार हथियार चाकू बरामद किया। पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए केशवराय पाटन निवासी नुरूद्दीन उर्फ गुड्डू (25) को गिरफ्तार किया है।

वहीं विज्ञान नगर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध देशी पिस्टल के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी पिस्टल बरामद की। पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए छावनी रामचन्द्रपुरा निवासी शिव उर्फ शिवा (24) को गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** इटावा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किये गये माल को बरामद किया। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 16 जनवरी को श्योपुर निवासी सुरेश चन्द्र यादव ने इटावा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि मकान बनाने का काम करता है और उसने एक मकान का ठेका ले रखा था। मौके से कोई व्यक्ति टाईल्स की पेटी व सीमेंट के कट्टे एवं सरीये चुराकर फरार हो गया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया की फरियादी की रिपोर्ट मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपअधीक्षक शिवम जोशी के सुपरविजन में इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए गैंता रोड इटावा निवासी आजाद मोहम्मद को (34) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये अरोपी के पास से टाईल्स के 22 पैकेट्स व 8 सरीया बरामद किया।

### खीमच गौशाला में आर्थिक सहायता की

**रामगंजमंडी, (निसं)।** मोड़क मंगलम महिला मण्डल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अध्यक्षा विभा सचान एवं संयुक्त अध्यक्षा शशि मंडोत के तत्वावधान में खीमच गौशाला में पूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान की। सोसाइटी की पीआरओ स्नेहा पालीवाल के अनुसार गौशाला में अपंग गौमाता के लिए टिन शेड बनवाने हेतु आर्थिक सहायता के साथ साथ पशु आहार, खल, गुड़, अजवाइन आदि भी उपलब्ध करवाए गए। इस अवसर पर सभी सदस्याएं मौजूद रही। मानव सेवा के साथ गौ सेवा भी सदैव महिला मंडल का उद्देश्य रहा है और इसी क्रम में भविष्य में भी कार्य किये जाते रहेंगे।

### लाला लाजपत राय की जयंती मनाई

**कोटा, (निसं)।** स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 159वीं जयंती पर लाला लाजपत राय जनहित ट्रस्ट के न्यासियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लाला लाजपत राय शॉपिंग सेंटर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया, उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर लाल लाजपत राय भवन में एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

### ईनामी महिला तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** भीमगंजमण्डी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि 5 जनवरी को कोटा जंक्शन के समीप से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 9 ग्राम 53 मिलीग्राम सहित आरोपी राजू मस्ताना को गिरफ्तार किया था। पकड़े गये आरोपी से किये गये अनुसंधान के बाद अवैध मादक पदार्थ में वांछित 2000 की ईनामी महिला तस्कर सब्जीमण्डी निवासी सुनीता शर्मा (54) को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया है।

# जिलाध्यक्ष राकेश जैन का स्वागत किया

**कोटा, (निसं)।** राकेश जैन के पुनः भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष बनने पर कोटा शहर में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। जीएमए प्लाजा के सभागार में सुबह से लेकर सांय तक स्वागत करने वाले लोगों का ताता लगा रहा।

भाजपा कार्यकर्ताओं, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व्यापारिक संस्थाओं के माध्यम से शहरवासियों ने जिलाध्यक्ष राकेश जैन को साफा, माला पहनाकर स्वागत कर, उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। जैन ने सुबह गोदावरी धाम पहुंच बालाजी महाराज के दर्शन कर आशिर्वाद लिया, उसके उपरांत वहां गायों को अपने हाथों से चारा खिलाया। दादाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष लव आजाद, मण्डल प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह हाडा, जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र ऋषि के नेतृत्व में भाजपा दादाबड़ी मण्डल द्वारा गोदावरी धाम मंदिर में जिलाध्यक्ष राकेश जैन को पुष्पमालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर वहां कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी मनायी। इस अवसर पर जिलामंत्री रेखा खेलवाल, पार्षद रामबाबू सोनी, कुलदीप सिंह तलवार, दादाबाड़ी मण्डल से बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। जी एम प्लाजा मार्केट में समस्त व्यापारियों द्वारा जिलाध्यक्ष राकेश जैन को पुष्पमालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया एवं आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की।

# कोचिंग विद्यार्थियों से संवाद किया

**कोटा, (निसं)।** कामयाब कोटा अभियान के तहत कोचिंग विद्यार्थियों के सम्बलन के लिए जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों की कड़ी में जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी मंगलवार को अनअकेडमी कोचिंग संस्थान में छात्र-छात्राओं से खुलकर संवाद किया। उन्होंने कोचिंग विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभव शेयर किए।

उन्होंने मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट में टेस्ट की तैयारी और डॉक्टर बनने के बाद यूपीएससी की तैयारी के अपने अनुभव कोचिंग विद्यार्थियों को बड़े रौचक अंदाज में सुनाए। विद्यार्थियों की जिज्ञासाएं सुनी और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। संवाद के दौरान कई बार छात्र-छात्राएं खुलकर हंसे और जिला कलक्टर भी उनके साथ ठहाके लगाते नजर आए। जिला कलक्टर ने बताया कि कैसे पीएमटी की तैयारी करने वे कोटा आए और कुछ ही समय बाद मन नहीं लगने पर वापस अपने घर चले गए। वापस घर जाने के बाद उन्होंने स्वयं के स्तर पर तैयारी की और पहली बार असफलता मिलने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और पहले से बेहतर रणनीति के साथ तैयारी कर सफलता हासिल की और एसएमएस मेडिकल कॉलेज में उन्हें एडमिशन मिला।

कलेक्टर ने कोचिंग विद्यार्थियों से ओवर थिकिंग नहीं करने, घर पर दिन में कम से कम एक बार बात कर अपने मन की भावनाओं को माता-पिता के साथ शेयर करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि माता पिता आपके सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। वे आपका भला चाहते हैं और उन्हें कुछ उम्मीदें रहती हैं। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का तनाव अपने मन में नहीं रखें बल्कि उनसे अपने मन की बात साझा करें। उन्होंने कहा कि सपने देखें उन्हें पूरे करने के लिए मेहनत करें और सपने पूरे नहीं हो तो टूटे नहीं बल्कि और मजबूत बनें। उन्होंने कहा कि जिन चीजों पर आपका नियंत्रण नहीं है उन पर ज्यादा सोच-विचार नहीं करें। नीट में दो-तीन बार लगातार असफलता मिले तो भी घबराएं नहीं और हमेशा प्लान-बी तैयार रखें।

उन्होंने कहा कि परीक्षाएं जीवन का हिस्सा हैं लेकिन केवल यही संपूर्ण जीवन नहीं है। अपनी तरफ से ईमानदार कोशिश करें बाकी ईश्वर के फैसले पर विश्वास रखें टारगेट के अनुसार पढ़ाई न कर पाने पर होने वाले तनाव से कैसे निपटा जाये के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि दिन को छोटे छोटे हिस्सो में बांटे। समय और लक्ष्य को कंपार्टमेंटलाइज करें और अपने अटेंशन स्पान को पहचाने और उसके पूरा होने पर खुद को खुश करने वाले कार्य करें।

पीएमटी से यूपीएससी में आने से जुड़ा सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा बतौर डॉक्टर जब उन्होंने एक गरीब परिवार की स्वास्थ्य समस्या के साथ ही उनकी मजबूरियां देखीं तब उन्हें लगा कि एक डॉक्टर के तौर पर वे सिर्फ मरीजों का इलाज कर सकते हैं लेकिन सिविल सर्विसेस में जाने के बाद अपनी कलम से वे हजारों लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने के काम कर सकते हैं। एक बड़े दायरे में सेवा करने के अवसर के कारण उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बनने का निर्णय लिया।

# जर्सी वितरित की

**कोटा, (निसं)।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अतिवीर ने विमंदित बच्चों के विद्यालय शिविका में उनके बीच पहुंचकर खुशियां बांटी। उनके साथ खेल खेले और उन्हे गर्म जर्सीयों का वितरण भी किया।प्राचार्य संगीता सक्सेना ने बताया कि पेरोडी सांग पर बच्चो ने अपनी नृत्य प्रस्तृति दी। अतिवीर ग्रुप अध्यक्ष निकुंज जैन पाटनी ने बताया कि ग्रुप की ओर बच्चो को 49 जर्सीयां भी वितरित की। गर्म स्वेटर पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान देखी गई। ग्रुप अध्यक्ष निकुंज जैन पाटनी ने कहा,'हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां साझा करना है।

# कोटा विकास प्राधिकरण ने करोड़ों रुपए की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया



कोटा विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई है।

■ बदमाश और हिस्ट्रीशीटर के अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया

**कोटा, (निसं)।** कोटा विकास प्राधिकरण में कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। थेकड़ा इलाके के शिव सागर कॉलोनी में बड़े स्तर पर सरकारी जमीन पर भूखण्ड पर बाउंड्री बनाकर कब्जे किए गए थे। इसके अलावा मकान और बड़े-बड़े फार्म हाऊस भी बना लिए गए हैं।

इस मामले में कई बार शिकायत हुई और आखिर में लोकायुक्त में शिकायत के बाद कोटा विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई शुरू की है। इससे पहले यहां पर अतिक्रमणों को चिन्हित किया गया था। इस अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान गैलेक्सी फार्म हाऊस जिस पर अग्रवाल फार्म हाऊस लिखा हुआ था उसे तोड़ा गया है। कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कुमार कोठारी का कहना है कि लंबे समय से अधिकांश की शिकायत मिल रही थी। इस मामले में लोकायुक्त में प्रकरण चल रहा है जिसके बाद मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। आधा दर्जन से ज्यादा बुलडोजर से कार्रवाई की गई है। कोटा सिटी पुलिस की इसमें मदद ली है। इसके अलावा केडीए का जाप्ता भी था। अधिकांश भूखंडों पर से कब्जा लिया गया है। यह 28 हेक्टयर जमीन है जिसकी कीमत करोड़ों में है। कोटा विकास प्राधिकरण के नाम गैर-मुमकिन तालाब के रूप में यह दर्ज है। अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू करने के पहले बिजली विभाग केईडीएल के लोगों को बुलाकर इस एरिया की बिजली सप्लाई लाईन को भी कटवाया था। अतिक्रमणकारियों ने इस एरिया में एक फार्म हाउस बना रखा था जिसमें स्विमिंग पूल से लेकर सभी सुविधा थी। यहां पर बड़े स्तर पर पार्टियां हुआ करती थी। दूसरी तरफ करीब 100 के आसपास बड़े-बड़े भूखंड भी यहां पर बना कर काट दिए थे जिन पर भी बाउंड्री बनाकर भोले वाले लोगों को बेच दिया और उनसे भारी मात्रा में पैसा वसूल लिया था।

कोटा विकास प्राधिकरण ने भी प्रारंभिक तौर पर नए अतिक्रमणों पर भी कार्वाई की है। यहां पर कार्रवाई के लिए मंगलवार को भारी पुलिस जाप्ता पहुंचा और मौके पर आरएसी के अलावा होमगार्ड और क्विक एक्शन फोर्स को भी तैनात किया गया। यहां तक कि उम्मेदगंज जाने वाली नहर के मार्ग को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया। साथ ही थेकड़ा और रायपुरा सड़क से शिवसागर की जिस एरिया में अतिक्रमण हटाया जा रहा था। वहां भी किसी व्यक्ति को नहीं आने दिया गया। आसपास के घर और छतों पर खड़े हुए लोगों को भी हटाया गया। पुलिस जाप्ता चारों तरफ नाकेबंदी करता रहा। ड्रोन से भी मॉनिटरिंग की गई। यह करोड़ों रुपए की जगह है। मौके पर केडीए सचिव कुशल कुमार कोठारी, तहसीलदार सुरेंद्र शर्मा, एडिशनल एसपी मुख्यालय संजय शर्मा, बेनीप्रसाद मीणा, डीएसपी लोकेंद्र पालीवाल, राजेश टेलर व विनोद कुमार आधा दर्जन से ज्यादा थाना अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का जाप्ता था।

कोटा में दो बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई है जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है। बदमाशों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों पर पीला पंजा चलाया गया है। यह कार्रवाई कोटा शहर के आरकेपुरम थाना क्षेत्र के दौलतगंज और आंवली रोजड़ी इलाके में की गई है। इस कार्रवाई के दौरान करोड़ों रुपए के बड़े भूखंड पर निर्माण ध्वस्त किए गए और संपत्ति मुक्त कराई गई।

कोटा सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि इस कार्रवाई में आरकेपुरम थाना क्षेत्र के अतिरिक्त एसपी कालूराम वर्मा, डीएसपी मनीष शर्मा के अलावा आरकेपुरम, अनंतपुरा, महावीर नगर और रानपुर थाने की पुलिस टीम भी शामिल रही। करीब 150 से ज्यादा पुलिसकर्मी इस कार्रवाई में शामिल थे जिसमें पुलिस उपाधीक्षक और थानाधिकारी भी थे। इसके अलावा, आरएसी बटालियन और वन विभाग की टीम भी मौजूद थी। डीएसपी मनीष शर्मा ने जानकारी दी कि शिवराज बटला उर्फ शिवराज आरकेपुरम थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है जिस पर 2019 में पहला मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद वह अपराध की दुनिया में सक्रिय रहा और पांच साल में उसके खिलाफ 18 अलग-अलग अपराधों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें एससी-एसटी एक्ट, हत्या के प्रयास, मारपीट सहित कई अन्य धाराएं शामिल हैं। वहीं अमित उर्फ भाया भी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता है और उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन दोनों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।


**कार्यालय नगर निगम, (कोटा उत्तर ) (राज.)**

क्रमांक :– ननिको(उ)/निर्माण/2025/1847–60 दिनांक : 27.01.2025

–: ई–निविदा सूचना संख्या–19/2024–25 :–

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा विभिन्न राजकीय अभियांत्रिकी विभागों के पंजीकृत "A", "AA" श्रेणी एंव नगर निगम कोटा उत्तर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा कुल 06 कार्य हेतु ई–निविदा सूचना संख्या–19/2024–25 से सम्बन्धित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत,निविदा बैचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाइट www.kotamc.org, http/eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. DLB2425A5175
UBN No. 1. DLB2425WSOB15646
2. DLB2425WSOB15648
3. DLB2425WSOB15649
4. DLB2425WSOB15650
5. DLB2425WSOB15651
6. DLB2425WSOB15652

अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम कोटा–उत्तर
राज.संवाद/सी/24/10935



**नाम परिवर्तन**

मेने मेरा नाम अम्बिका आहूजा (Ambika Ahuja) से बदलकर लवी आहूजा (Lavi Ahuja) कर लिया है भविष्य में मुझे लवी आहुजा (Lavi Ahuja) पुत्री रमेश आहुजा के नाम से जाना व पहचाना जावे। निवासी मकान संख्या 1458-59, बसंत विहार, कोटा



**विधिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य एस एम एफ जी इण्डिया होम फाईनेन्स शाखा कोटा द्वारा श्री दीपक अरोडा आ. श्री जगदीश चन्द अरोडा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति प्लाट नं. 62 वाके ग्राम शॉपिंग सेन्टर कोटा जिला कोटा में स्थित है। इस संपत्ति से संबंधित दस्तावेज यू आई टी का सेल सर्टिफिकेट दिनांक 21.04.1970, मुख्तार नामा, विक्रय पत्र दिनांक 18.08.1980, विक्रय पत्र दिनांक 31.10.1981 मूल दस्तावेज कही गुम हो जाने के कारण ऋणी के पास उपलब्ध नहीं है जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट पुलिस थाने में करवा दी है यही उक्त संपत्ति को रहन करके एस एम एफ जी इण्डिया होम फाईनेन्स शाखा कोटा द्वारा ऋण दिया जा रहा है।

यह कि उक्त संपत्ति को रहन कर ऋण देने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को या बैंक को या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक : 23.01.2025

सैयद फेसल हुसैन एडवोकेट
मो. 7737809609



**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना
सं. ईएल/50/एनआईटी/25 (2024-25), दि. 25.01.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा, निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** ईएल/50/234/2024-25. कार्य का नाम: कोटा - सिक लाइन शेड का विस्तार और सिक लाइन डिपो कोटा और BTE में रखरखाव सुविधा का उन्नयन - ADEN-BTE अनुभाग के तहत BTE में अधिकारी विश्राम गृह का नवीनीकरण का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 46,73,041.26. बयाना राशिः ₹ 93,500/-. कार्य समाप्ति अवधिः 04 माह। **निविदा संख्या:** ईएल/50/235/2024-25. कार्य का नामः BSSI/SP का SSP में रुपांतरण और BSSI-CAN के बीच नए SP का प्रावधान और OHE की सेक्शनिंग और विश्वसनीयता में सुधार के लिए SNAR - JNRI के बीच नए SSP का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 1,59,105.90. बयाना राशिः ₹ 3,200/-. कार्य समाप्ति अवधिः 02 माह।

**उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए:-** निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः 18.02.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई–टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ लें।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/854 दिनांक:-13.1.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा कृषि भूमि पर बसी निम्न अनुमोदित कालोनी के पट्टे हेतु आवेदन प्राप्त हुए है, जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर आपत्ति दर्ज करवा सकता है, मियाद निकलने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पिता/पति | कालोनी का नाम | भू.सं. | खसरा नं. | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती करुणा शर्मा पत्नी श्री अजयपाल शर्मा | शुभ समृद्धि नगर | 40 | 485 से 490 | भदाना |

उक्त विज्ञप्ति केवल आपत्ति आमंत्रण के लिए है मूल दस्तावेज व अन्य जांच के उपरान्त ही पट्टा जारी किया जावेगा।

उप सचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/704 दिनांक:-28.1.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना सुभाष नगर भूखंड संख्या 1672 कॉर्नर का आवंटन क्रमांक 210 दिनांक 28.12.2022 को श्री कमलेश चतुर्वेदी पुत्र श्री सर्वेश चतुर्वेदी के नाम आवंटन किया गया था। जिसके उपरांत क्रेता श्री कमलेश चतुर्वेदी पुत्र श्री सर्वेश चतुर्वेदी की मृत्यु दिनांक 01.08.2024 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री कमलेश चतुर्वेदी पुत्र श्री सर्वेश चतुर्वेदी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्रीमती रेखा चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री कमलेश चतुर्वेदी द्वारा उक्त भूखंड संख्या 1672 कॉर्नर सुभाष नगर अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1672 कॉर्नर सुभाष नगर का नामहस्तान्तरण श्रीमती रेखा चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री कमलेश चतुर्वेदी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा



**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/5246 दिनांक:-28.1.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्री कृष्णकान्त परमार पिता श्री ओम प्रकाश परमार निवासी रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) द्वारा इस कार्यालय ऑनलाईन आवेदन पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा के श्रीगणेश नगर आवासीय योजना रावतभाटा के आवासीय भूखंड संख्या 656 श्रेणी (अ) साईज 25x50 क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट अर्थात 116.17 वर्गमीटर के स्वामित्व संबंधी एवं अन्य वांछित दस्तावेजों की प्रतियों को ऑनलाईन अपलोड करवाकर इस भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय प्रस्तावित भवन निर्माण के नक्शों की प्रतियों सहित प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन बाबत प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त प्राप्त आवेदन से संबंधित प्रस्तावित कार्यवाही को पालिका द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/फर्म/विभाग/संस्था को उक्त कार्यवाही पर कोई उजर या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई भी उजरदारी या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल के. पाटन जिला बून्दी ( राज. )**

प्रारूप-10 ( नियम 6 ( 7 ) देखिए )

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका के. पाटन

क्रमांक:-3772-74 लोक सूचना दिनांक-28.01.2025

श्री प्रतीक कोली, शुभम साक्यवाल आ. रामस्वरुप, श्री रामरतन, श्री नरोत्तम आ. पन्नालाल, श्रीमती गणेशी बाई पत्नी स्व. छोटूलाल, श्रीमती रुकमणी पुत्री श्री छोटूलाल जाति कोली निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| के. पाटन जिला बून्दी | के. पाटन | 1274/1 रकबा 0.36 है.<br>1274/2 रकबा 0.38 है.<br>1274/3 रकबा 0.35 है. | केशवराय पाटन |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28.01.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के. पाटन

